Prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# UGC NET Exam

## Linguistics

Simplifying
Government Exams

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

# PAPER-II
# LINGUISTICS

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________

   (Name) ___________________________

2. (Signature) ___________________________

   (Name) ___________________________

| J | 3 | 1 | 1 | 3 |
|---|---|---|---|---|

OMR Sheet No. : ..............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.___________________________

(In words)

Time : **1 $^{1}/_{4}$** hours]

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **12**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# LINGUISTICS
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. **All** questions are compulsory.

**1.** In Chomskyan Hierarchy the type 3 grammar refer to
(A) Rewrite grammars
(B) Context-sensitive grammars
(C) Context-free grammars
(D) Finite-state grammars

**2.** Match the items in the List – I with those in List – II :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Inflecting language | i. | Geographical |
| b. | American languages | ii. | Typological |
| c. | South-Asian languages | iii. | Genetic |
| d. | Semitic languages | iv. | Areal |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iv | iii | i | ii |

**3.** The book entitled 'Introducing Applied Linguistics' by S.P. Corder was published in
(A) 1965 (B) 1973
(C) 1976 (D) 1980

**4.** An empty morph has
(A) meaning but no form.
(B) no form, no meaning.
(C) form and meaning.
(D) form but no meaning.

**5.** The pulmonic airstream is initiated by
(A) Closed glottis
(B) Vibrating glottis
(C) Lungs
(D) Closed velum

**6.** Match the following in List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Nasalisation | i. | Airstream process |
| b. | Voicing | ii. | Articulatory process |
| c. | Palatalisation | iii. | Phonation process |
| d. | Ejectives | iv. | Oronasal process |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | ii | i | iii | iv |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | i | ii | iv | iii |

**7.** An example of a tonal language is
(A) English (B) Bodo
(C) Hindi (D) Santali

**8.** The blade of the tongue is also called
(A) Apex (B) Dorsum
(C) Centre (D) Lamina

**9.** The voiced velar fricative is indicated by the IPA symbol
(A) G (B) g
(C) r (D) z

**10.** **Assertion I :** In the English words 'eight' and 'eighth' the same phoneme | t | is present having the same phonetic nature.
**Assertion II :** In the English words 'eight' and 'eighth' the same phoneme | t | is present having different phonetic nature.
**Codes :**
(A) Both (I) and (II) are true.
(B) Both (I) and (II) are false.
(C) (I) is false and (II) is true.
(D) (I) is true and (II) is false.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# भाषा-विज्ञान

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** चोम्सक्यान अधिक्रम में व्याकरण प्रकार 3 संदर्भित करता है

(A) पुनर्लेखन व्याकरण
(B) प्रसंग-सापेक्ष व्याकरण
(C) प्रसंग-निरपेक्ष व्याकरण
(D) परिमित स्थिति व्याकरण

**2.** सूची – I की मदों को सूची – II की मदों के साथ सुमेलित कीजिये :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | विभक्तिप्रधान भाषाएँ | i. | भौगोलिक |
| b. | अमरीकी भाषाएँ | ii. | प्ररूपी |
| c. | दक्षिण-एशियाई भाषाएँ | iii. | आनुवंशिक |
| d. | सामी भाषाएँ | iv. | क्षेत्रीय |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iv | iii | i | ii |

**3.** एस.पी. कॉर्डर लिखित 'इंट्रोड्युसिंग अप्लाइड लिंग्विस्टिक्स' शीर्षक पुस्तक का प्रकाशन किस वर्ष हुआ ?

(A) 1965 (B) 1973
(C) 1976 (D) 1980

**4.** रिक्त 'मॉर्फ' में

(A) अर्थ होता है परन्तु रूप नहीं होता ।
(B) रूप नहीं होता, अर्थ नहीं होता ।
(C) रूप होता है तथा अर्थ होता है ।
(D) रूप होता है, परन्तु अर्थ नहीं होता ।

**5.** फुस्फुसीय वायु-प्रवाह का प्रारम्भ कहाँ से होता है ?

(A) संवृत्त श्वासद्वार
(B) कंपमान श्वासद्वार
(C) फेंफड़ों
(D) संवृत्त मृदु-तालु

**6.** सूची – I की मदों को सूची – II की मदों के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | अनुनासिकीकरण | i. | वायु-प्रवाह प्रक्रिया |
| b. | घोषीकरण | ii. | उच्चारणात्मक प्रक्रिया |
| c. | तालव्यीकरण | iii. | स्वनन प्रक्रिया |
| d. | द्विक्कित | iv. | मौखिक नासिक्य प्रक्रिया |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | i | iv |
| (B) | ii | i | iii | iv |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | i | ii | iv | iii |

**7.** तान-भाषा का एक उदाहरण है

(A) अँगरेजी (B) बोडो
(C) हिन्दी (D) संथाली

**8.** जिह्वा-फलक को इनमें से कोई एक भी कहते हैं

(A) जिह्वाग्र (एपेक्स)
(B) पश्चजिह्वा (डोरसम)
(C) केंद्र (सेंटर)
(D) सर्पिल (लैमिना)

**9.** सघोष कोमलतालव्य संघर्षी को किस आई पी ए प्रतीक द्वारा इंगित किया जाता है ?

(A) G (B) g
(C) r (D) z

**10.** **अभिकथन (I) :** अँगरेज़ी शब्दों 'eight' तथा 'eighth' में समान स्वनिक प्रकृति वाला समान स्वनिम | t | होता है ।

**अभिकथन (II) :** अँगरेज़ी शब्दों 'eight' तथा 'eighth' में भिन्न स्वनिक प्रकृति वाला समान स्वनिम | t | होता है ।

**कूट :**

(A) (I) तथा (II) दोनों सही हैं ।
(B) (I) तथा (II) दोनों गलत हैं ।
(C) (I) गलत है तथा (II) सही है ।
(D) (I) सही है तथा (II) गलत है ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**11.** The propounder of 'Practical phonemics' is

(A) L. Bloomfield (B) K.L. Pike
(C) H.A. Gleason (D) C.F. Hockett

**12.** Match the items from List – I with those in the List – II and select the correct items from the codes given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Post position | i. | Articulatory phonetics |
| b. | Formant | ii. | Morphology |
| c. | Lower lip | iii. | Acoustic phonetics |
| d. | Distributed | iv. | Phonology |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | iv |
| (B) | iii | iv | ii | i |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | ii | iii | i | iv |

**13.** Words with lexicalised meanings, written as single words or not, are called

(A) Compounds
(B) Phrases
(C) Single morphemes
(D) Single words

**14.** The morphological change from one sound to a related one in related words is called

(A) Suppletion (B) Infixation
(C) Incorporation (D) Ablaut

**15.** **Assertion I :** The words 'this', 'that', 'the', 'a' in the context of '_____ girl' are in paradigmatic relation.

**Assertion II:** The words 'this', 'that', 'the' and 'a' in the context of '___ girl' are in syntagmatic relation.

**Codes :**

(A) Both (I) and (II) are true.
(B) Both (I) and (II) are false.
(C) (I) is true and (II) is false.
(D) (I) is false and (II) is true.

**16.** Unity of a linguistic sequence or chain, defined in terms of its relations with its surroundings is

(A) Cohesion
(B) Coherence
(C) Context
(D) Connotation

**17.** Good : bad; polite : rude, impolite; kind : cruel, unkind; clever : stupid where the first term expressing a positive attitude towards a referent and the other(s) a negative attitude. In which category of antonyms they belong to ?

(A) Overlapping antonyms
(B) Polar antonyms
(C) Partial antonyms
(D) Simple antonyms

**18.** Arrange the following words of Chomsky in chronological order in which they appeared :

(i) Current issues in Linguistic Theory
(ii) Syntactic structures
(iii) Conditions on transformations
(iv) Aspects of the theory of syntax

**Codes :**

(A) (ii), (i), (iv), (iii)
(B) (i), (iii), (iv), (ii)
(C) (ii), (iv), (i), (iii)
(D) (i), (iv), (ii), (iii)

**19.** The doctrine of Sphoṭa was introduced by

(A) Pāṇini
(B) Patanjali
(C) Kātyāyana
(D) Bhartuhari

**20.** If flower is a super ordinate term, what is the term which refers rose, hibiscus, sunflowers etc ?

(A) Hyponyms of flower
(B) Co-hyponyms of flower
(C) Synonyms of flower
(D) Homonyms of flower

Prepp



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**11.** 'प्रैक्टिकल फ़ोनिमिक्स' के प्रवर्तक कौन हैं ?
(A) एल. ब्लूमफिल्ड
(B) के.एल. पाइक
(C) एच.ए. ग्लिसन
(D) सी.एफ. हॉकेट

**12.** सूची – I के मदों को सूची – II के मदों के साथ सुमेलित कीजिए । नीचे दिए गए कूटो में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | परसर्ग | i. | उच्चारणात्मक स्वनविज्ञान |
| b. | फॉर्मेंट | ii. | रूपविज्ञान |
| c. | अधरोष्ठ | iii. | भौतिक स्वनविज्ञान |
| d. | वितरित | iv. | स्वनिमविज्ञान |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | iv |
| (B) | iii | iv | ii | i |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | ii | iii | i | iv |

**13.** एक शब्द के रूप में या अन्यथा रूप में लिखित कोशगत अर्थ वाले शब्दों को क्या कहते हैं ?
(A) यौगिक
(B) वाक्यांश
(C) एकल रूपिम
(D) एकल शब्द

**14.** संबंधित शब्दों में एक स्वन से दूसरे संबंधित स्वन में शब्दरूपात्मक परिवर्तन को कहा जाता है
(A) सवदिश
(B) मध्यप्रत्यय - योजन
(C) समावेशन
(D) अवश्रुति

**15.** **अभिकथन (I) :** '____ girl' के संदर्भ में 'this', 'that', 'the', 'a' शब्दों का प्रयोग रूपावली विषयक – संबंध में किया जाता है ।
**अभिकथन (II) :** '___ girl' के संदर्भ में 'this', 'that', 'the' तथा 'a' शब्दों का प्रयोग विन्यास क्रमात्मक संबंध में किया जाता है ।
**कूट :**
(A) (I) तथा (II) दोनों सही हैं ।
(B) (I) तथा (II) दोनों गलत हैं ।
(C) (I) सही है तथा (II) गलत है ।
(D) (I) गलत है तथा (II) सही है ।

**16.** अपने परिवेश से संबंध के रूप में परिभाषित भाषायी क्रम या शृंखला की अन्विति क्या है ?
(A) संहति
(B) संगति
(C) प्रसंग
(D) लक्ष्यार्थ

**17.** अच्छा : बुरा; शिष्ट : अभद्र, अशिष्ट ; दयालु : क्रूर, निर्दयी; चतुर : मूर्ख – इनमें प्रथम पद से संदर्भित व्यक्ति के बारे में सकारात्मक अभिवृत्ति अभिव्यक्त होती है तथा अन्य पदों से नकारात्मक अभिवृत्ति अभिव्यक्त होती है । ये किस प्रकार के विलोम शब्द हैं ?
(A) अतिव्यापी विलोम शब्द
(B) ध्रवीय विलोम शब्द
(C) आंशिक विलोम शब्द
(D) सरल विलोम शब्द

**18.** चाम्सकी की निम्नलिखित कृतियों को उनके प्रकाशित होने के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :
(i) करेंट इश्यूज इन लिंग्विस्टिक थ्योरी
(ii) सिंटैक्टिक स्ट्रक्चर्स
(iii) कंडीशंस ऑन ट्रांसफार्मेशंस
(iv) ऐस्पेक्ट्स ऑफ दि थ्योरी ऑफ सिन्टेक्स
**कूट :**
(A) (ii), (i), (iv), (iii)
(B) (i), (iii), (iv), (ii)
(C) (ii), (iv), (i), (iii)
(D) (i), (iv), (ii), (iii)

**19.** स्फोट सिद्धांत का प्रवर्तन किसने किया ?
(A) पाणिनी
(B) पतंजलि
(C) कात्यायन
(D) भर्तृहरि

**20.** यदि फूल एक अधिव्यापक पद है तो गुलाब, जयाकुसुम, सूरजमुखी इत्यादि को संदर्भित करने वाला पद क्या है ?
(A) फूल के अवनाम
(B) फूल के उप-अवनाम
(C) फूल के पर्यायवाची शब्द
(D) फूल के समनाम शब्द


Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

21. What is the entailment of the sentence "Tracy is a spinster" ?
(A) Tracy is a male
(B) Tracy is a female
(C) Tracy is an old woman
(D) Tracy is a child

22. Transformational generative grammar deals with
(A) Production
(B) Transformation
(C) Semiotics and Pragmatics
(D) Production and Transformation

23. Government and Binding theory strives to be a theory of
(A) Universal grammar
(B) Traditional grammar
(C) Phrase structure grammar
(D) Transformational grammar and traditional grammar

24. A constituent which takes its reference from its antecedent is
(A) Anaphor
(B) Adjective
(C) Noun phrase
(D) Verb phrase

25. Choose the correct order
(A) Semantics, Phonology, Morphology, Syntax
(B) Phonology, Morphology, Syntax, Semantics
(C) Phonology, Semantics, Morphology, Syntax
(D) Phonology, Syntax, Semantics, Morphology

26. Choose the correct year of publication of the book 'Logical Structure of Linguistic Theory' ?
(A) 1975
(B) 1957
(C) 1965
(D) 1977

27. The hierarchy of number of languages recorded for the four dominant families of languages of South Asia is
(A) Tibeto Burman, Indo Aryan, Dravidian, Austro Asiatic
(B) Indo Aryan, Tibeto Burman, Dravidian, Austro Asiatic
(C) Dravidian, Indo Aryan, Tibeto Burman, Austro Asiatic
(D) Austro Asiatic, Indo Aryan, Tibeto Burman, Dravidian

28. The most widely spoken language of the North Dravidian group is
(A) Tamil (B) Kurukh
(C) Malto (D) Brahui

29. One South Asian language that has not been shown convincingly to be genetically related to any other language or language family is
(A) Burashaski (B) Brahui
(C) Malto (D) Kurukh

30. The complimentizer consistent with the implicational universal of SOV word order, follow the clause in all the Dravidian languages and Nepalese, Assamese and Sinhalese. However, in Kashmiri, Hindi-Urdu the complimentizer occurs,
(A) To the left of the subordinate clause.
(B) To the right of the subordinate clause.
(C) In between the subordinate clause.
(D) At the top of the subordinate clause.

31. **Assertion I :** Sound change is regular.
**Assertion II:** Sound change is purely phonetically conditioned.
**Codes :**
(A) Both (I) and (II) are true.
(B) Both (I) and (II) are false.
(C) (I) is true but (II) is false.
(D) (I) is false but (II) is true.


Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**21.** "ट्रेसी इज ए स्पिंस्टर" वाक्य से क्या नतीजा निकलता है ?
(A) ट्रेसी एक पुरुष है ।
(B) ट्रेसी एक महिला है ।
(C) ट्रेसी एक वृद्ध महिला है ।
(D) ट्रेसी एक बच्चा/बच्ची है ।

**22.** रचनांतरणपरक प्रजनक व्याकरण का संबंध किससे है ?
(A) उत्पादन से
(B) रचनांतरण से
(C) संकेत विज्ञान तथा संकेत प्रयोग विज्ञान से
(D) उत्पादन तथा रचनांतरण से

**23.** 'गवर्नमेंट ऐण्ड बाइंडिंग थ्योरी किस प्रकार का सिद्धांत बनाने के लिए संघर्षशील है ?
(A) सार्वभौम व्याकरण
(B) पारम्परिक व्याकरण
(C) पदबंध संरचना व्याकरण
(D) रचनांतरणपरक व्याकरण तथा पारंपरिक व्याकरण

**24.** एक रचनांग जो अपना संदर्भ अपने पूर्ववर्ती पद से लेता है
(A) अन्वादेशिक (B) विशेषण
(C) संज्ञा पदबंध (D) क्रिया पदबंध

**25.** सही क्रम चुनिए :
(A) अर्थविज्ञान, स्वनिमविज्ञान , रूपविज्ञान, वाक्यविज्ञान
(B) स्वनिमविज्ञान, रूपविज्ञान, वाक्यविज्ञान, अर्थविज्ञान
(C) स्वनिमविज्ञान, अर्थविज्ञान, रूपविज्ञान, वाक्यविज्ञान
(D) स्वनिमविज्ञान, वाक्यविज्ञान, अर्थविज्ञान, रूपविज्ञान

**26.** 'लॉजिकल स्ट्रक्चर ऑफ लिंग्विस्टिक थ्योरी' शीर्षक पुस्तक का सही प्रकाशन वर्ष चुनिए ?
(A) 1975 (B) 1957
(C) 1965 (D) 1977

**27.** दक्षिण-एशिया के चार प्रधान भाषा-कुलों के लिए अभिलेखबद्ध भाषाओं की संख्या का अधिक्रम है
(A) तिब्बती बर्मी, भारतीय आर्य, द्रविड़, ऑस्ट्रो एशियाई
(B) भारतीय आर्य, तिब्बती बर्मी, द्रविड़, ऑस्ट्रो एशियाई
(C) द्रविड़, भारतीय आर्य, तिब्बती बर्मी, ऑस्ट्रो एशियाई
(D) ऑस्ट्रो एशियाई, भारतीय आर्य, तिब्बती बर्मी, द्रविड़

**28.** उत्तर-द्रविड़ समूह की सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है
(A) तमिल (B) कुड़ुख
(C) माल्टो (D) ब्राहुई

**29.** उस दक्षिण एशियाई भाषा को पहचानिए जिसका आनुवंशिक संबंध किसी अन्य भाषा या भाषा-कुल के साथ विश्वसनीय रूप से स्थापित नहीं किया जा सका है
(A) बुराशास्की (B) ब्राहुई
(C) माल्टो (D) कुड़ुख

**30.** अपरिवर्तनशील पूरणकारी सभी द्रविड़ भाषाओं तथा नेपाली, असमिया एवं सिंहली भाषाओं में उपवाक्य का अनुसरण करता है । तथापि, कश्मीरी, हिन्दी-उर्दू में यह रहता है
(A) अधीनस्थ उपवाक्य के बायीं ओर
(B) अधीनस्थ उपवाक्य के दायीं ओर
(C) अधीनस्थ उपवाक्य के बीच में
(D) अधीनस्थ उपवाक्य के ऊपर (पहले)

**31.** **अभिकथन (I) :** स्वन परिवर्तन नियमित है ।
**अभिकथन (II) :** स्वन परिवर्तन विशुद्ध रूप में स्वनिक आश्रित है ।

**कूट :**
(A) (I) तथा (II) सही हैं ।
(B) (I) तथा (II) गलत हैं ।
(C) (I) सही है परन्तु (II) गलत है ।
(D) (I) गलत है परन्तु (II) सही है ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**32.** **Assertion I :** The comparative method is a set of a techniques, that permits us to recover linguistic constructs of earlier stages in a family of related languages.

**Assertion II:** The techniques involve comparison of cognate material from two or more related languages.

**Codes :**

(A) (I) is true but (II) is false.
(B) (I) is false but (II) is true.
(C) Both (I) and (II) are true.
(D) Both (I) and (II) are false.

**33.** A change in which one sound becomes more similar to another sound through the influence of a neighbouring or adjacent sound is known as

(A) Retroflexation
(B) Assibilation
(C) Assimilation
(D) Labialization

**34.** A wide variety of fusion of sound (phonological processes) across word boundaries and alteration of sounds due to the neighbouring sound or due to the grammatical function of adjacent word is known as

(A) Palatalization (B) Sandhi
(C) Elision (D) Lenition

**35.** Germanic consonant shift is also known as

(A) Grimm's Law
(B) Grassmann's Law
(C) Verner's Law
(D) Fortunatov Law

**36.** Phonetic disintegration includes

(A) Phonemic paraphasia
(B) Agraphia
(C) Dyslexia
(D) Anomia

**37.** The concept of 'Langue' and 'Parole' is associated with

(A) Dell Hymes
(B) Edward Sapir
(C) Ferdinand De Saussare
(D) N. Chomsky

**38.** Dell Hymes introduced the term 'Communicative Approach' in the period of

(A) 1950s (B) 1960s
(C) 1970s (D) 1980s

**39.** 'Drive into the par cark' refers to

(A) Malapropisms
(B) Spoonerisms
(C) Stuttering
(D) Metathesis

**40.** **Assertion I :** The various strands of what we now call the qualitative approach have been visible within sociology since the 1920s.

**Assertion II:** Since the 1980s this approach has become prominent in the study of language.

**Codes :**

(A) Both (I) and (II) are true.
(B) (I) is true but (II) is false.
(C) Both (I) and (II) are false.
(D) (I) is false but (II) is true.

**41.** Match the items in the List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Corpora | i. Kwic format |
| b. Concordance | ii. Words in a node |
| c. Span | iii. Corpus undergone parsing |
| d. Tree bank | iv. Transcribed speech |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | i | iii | iv | ii |
| (D) | iv | i | ii | iii |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

32. **अभिकथन (I) :** तुलनात्मक विधि तकनीकों का ऐसा समुच्चय है जो हमें संबंधित कुल की भाषाओं में पूर्व-चरणों में रचित पद योजना की प्रतिलब्धि में सक्षम बनाती है ।

**अभिकथन (II) :** इस विधि में दो या अधिक संबंधित भाषाओं से सजात सामग्री की तुलना निहित है ।

**कूट :**

(A) (I) सही है परन्तु (II) गलत है ।
(B) (I) गलत है परन्तु (II) सही है ।
(C) (I) तथा (II) दोनों सही हैं ।
(D) (I) तथा (II) दोनों गलत हैं ।

33. ऐसे परिवर्तन को क्या कहते हैं जिसमें किसी समीपवर्ती या पार्श्वस्थ स्वन के प्रभावस्वरूप एक स्वन किसी अन्य स्वन के अधिक समान हो जाता है ?

(A) मूर्धन्यीकरण / प्रतिवेष्टन
(B) ऊष्मीकरण /शर्करण
(C) समीभवन / समीकरण
(D) ओष्ठ्यरंजन

34. शब्द सीमांतों के आगे-पीछे स्वन के संलयन के एक व्यापक प्रभेद (स्वनिमिक प्रक्रिया) तथा समीपवर्ती स्वनों अथवा पाश्वर्स्थ शब्द के व्याकरणिक प्रकार्य के कारण स्वनों के एकांतरण को क्या कहते हैं ?

(A) तालव्यरंजन (B) सन्धि
(C) लोप (D) शिथिलन

35. 'जर्मनिक कांसोनेंट शिफ्ट' को निम्नलिखित में से किसी एक नाम से भी जाना जाता है :

(A) ग्रिम्स लॉ
(B) ग्रासमैन्स लॉ
(C) वर्नर्स लॉ
(D) फॉर्तुनेटोव लॉ

36. स्वनिक विघटन में शामिल है

(A) स्वनिमिक पराभाषाघात
(B) लेखन विकार
(C) अपठन
(D) नामन विकार

37. 'Langue' तथा 'Parole' की संकल्पना का संबंध किससे है ?

(A) डेल हाइम्स
(B) एडवर्ड सेपीर
(C) फर्दीनंद डि सौस्यूर
(D) एन. चोम्स्की

38. डेल हाइम्स ने 'कम्यूनिकेटिव अप्रोच' पद को किस अवधि में प्रस्तावित किया ?

(A) 1950 के दशक में
(B) 1960 के दशक में
(C) 1970 के दशक में
(D) 1980 के दशक में

39. 'ड्राइव इनटू दि पार कार्क' किसे संदर्भित करता है ?

(A) दुष्प्रयोग को
(B) आद्यक्षर विपर्यय को
(C) हकलाइट को
(D) विपर्यय को

40. **अभिकथन (I) :** आज जिसे हम गुणात्मक उपागम कहते हैं, उसके विविध अवरोधकारक समाजशास्त्र के अंतर्गत 1920 के दशक से दिखाई पड़ते हैं ।

**अभिकथन (II) :** 1980 के दशक से भाषा के अध्ययन में यह उपागम प्रधान उपागम बन गया है ।

**कूट :**

(A) (I) तथा (II) दोनों सही हैं ।
(B) (I) सही है परन्तु (II) गलत है ।
(C) (I) तथा (II) दोनों गलत हैं ।
(D) (I) गलत है परन्तु (II) सही है ।

41. सूची – I की मदों को सूची – II की मदों से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. कार्पोरा | i. क्विक फार्मेट |
| b. कांकार्डेंस | ii. वर्ड्स इन ए नोड |
| c. स्पैन | iii. कॉर्पस अंडरगॉन पार्सिंग |
| d. ट्री बैंक | iv. ट्रांस्क्राइब्ड स्पीच |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | i | iii | iv | ii |
| (D) | iv | i | ii | iii |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

42. **Assertion I :** Pidgin which has acquired native users is a Creole.

**Assertion II:** A Creole is developed into a complex speech community.

**Codes :**

(A) Both (I) and (II) are true.
(B) (I) is true, (II) is false.
(C) Both (I) and (II) are false.
(D) (I) is false but (II) is true.

43. Arrange the following concepts of Piaget in a chronological order in which they appeared.

(A) Concrete operations, Intuitive thought, Pre-conceptual thought, sensory-motor intelligence.
(B) Sensory-motor intelligence, concrete operations, intuitive thought, pre-conceptual thought
(C) Sensory-motor intelligence, pre-conceptual thought, intuitive thought, concrete operations
(D) Pre-conceptual thought, intuitive thought, sensory-motor intelligence, concrete operations

44. A term which refers to the distribution of linguistic variables in relation to the various levels is

(A) Standardization
(B) Stratification
(C) Substitution
(D) Satisfaction

45. William Labov's 'sociolinguistic patterns' was published in the year

(A) 1952
(B) 1962
(C) 1972
(D) 1982

46. When a message describe a situation, an object or mental state, it is known as

(A) Referential function of language
(B) Conative function of language
(C) Emotive function of language
(D) Phatic function of language

47. The most familiar and most widely used primary medium is

(A) Sign language
(B) Speech
(C) Writing
(D) Finger spelling

48. 'Design feature' is a term coined by

(A) L. Bloomfield
(B) C. Hockett
(C) N. Chomsky
(D) Ferdinand De Saussure

49. **Assertion I :** Isoglosses are lines which show the distribution of linguistic features.

**Assertion II:** A bundle of isoglosses serves to mark the dialect boundary.

**Codes :**

(A) (I) is true, but (II) is false.
(B) Both (I) and (II) are false.
(C) (I) is false and (II) is true.
(D) Both (I) and (II) are true.

50. Of all the fundamental features of human language the feature which is also found in animal communication is

(A) Displacement
(B) Arbitrariness
(C) Duality of patterning
(D) Open-endedness



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**42.** **अभिकथन (I) :** मूलनिवासियों द्वारा अधिगृहीत मिश्रित भाषा एक क्रियोल है ।

**अभिकथन (II) :** क्रियोल, संश्लिष्ट भाषा-भाषी समुदाय में विकसित होती है ।

**कूट :**

(A) (I) तथा (II) दोनों सही हैं ।

(B) (I) सही है परन्तु (II) गलत है ।

(C) (I) तथा (II) दोनों गलत हैं ।

(D) (I) गलत है परन्तु (II) सही है ।

**43.** पियागेट की निम्नलिखित संकल्पनाओं को उनके प्रादुर्भूत होने के कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(A) मूर्त संक्रियाएँ, प्रातिभज्ञान विचार, पूर्व-संकल्पनात्मक विचार, संवेदी प्रेरक बुद्धि

(B) संवेदी प्रेरक बुद्धि, मूर्त संक्रियाएँ, प्रातिभज्ञान विचार, पूर्व-संकल्पनात्मक विचार

(C) संवेदी प्रेरक बुद्धि, पूर्व-संकल्पनात्मक विचार, प्रातिभज्ञान विचार, मूर्त संक्रियाएँ

(D) पूर्व-संकल्पनात्मक विचार, प्रातिभज्ञान विचार, संवेदी प्रेरक बुद्धि, मूर्त संक्रियाएँ

**44.** भाषिक विकल्पन के वितरण को विभिन्न स्तरों के परिप्रेक्ष्य में संदर्भित करने वाला पद

(A) मानकीकरण

(B) स्तरण

(C) प्रतिस्थापन

(D) संतुष्टि

**45.** विलियम लेबोव रचित 'सोशियोलिंग्विस्टिक पैटर्न्स' का प्रकाशन किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1952

(B) 1962

(C) 1972

(D) 1982

**46.** जब कोई संदेश किसी स्थिति, वस्तु या मानसिक अवस्था का वर्णन करता है तो उसे क्या कहते हैं ?

(A) भाषा का संदर्भगत प्रकार्य

(B) भाषा का क्रियात्मक प्रकार्य

(C) भाषा का संवेगात्मक प्रकार्य

(D) भाषा का सामाजिक प्रकार्य

**47.** सर्वाधिक सुपरिचित तथा सर्वाधिक प्रयुक्त प्राथमिक संचार माध्यम कौन सा है ?

(A) साइन लैंग्वेज

(B) स्पीच

(C) राइटिंग

(D) फिंगर स्पेलिंग

**48.** 'डिज़ाइन फीचर' पद का सर्जक कौन है ?

(A) एल. ब्लूमफिल्ड

(B) सी. हॉकेट

(C) एन. चोम्स्की

(D) फर्दीनंद डि सौस्यूर

**49.** **अभिकथन (I) :** समभाषांश रेखाएँ ऐसी रेखाएँ हैं जो भाषायी वैशिष्ट्य के वितरण को प्रदर्शित करती हैं ।

**अभिकथन (II) :** समभाषांश रेखा-समूह बोली-सीमा चिह्नित करने का काम करता है ।

**कूट :**

(A) (I) सही है , परन्तु (II) गलत है ।

(B) (I) तथा (II) दोनों गलत हैं ।

(C) (I) गलत है तथा (II) सही है ।

(D) (I) तथा (II) दोनों सही हैं ।

**50.** मनुष्य द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं के मूल लक्षणों में से एक लक्षण जन्तुओं के सम्प्रेषण या संचार में भी पाया जाता है ।

(A) विस्थापन

(B) यादृच्छिकता

(C) अभिरचना द्वैधता

(D) निस्सीमता



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in